BIHAR FOUNDATION
BONDING • BRANDING • BUSINESS

बिहार सरकार
उद्योग विभाग

+91 0612 2547371
+91 85442 99526
https:// biharfoundation. bihar.govt.in

# सम्प्रति बिहार

## बिहार फाउन्डेशन की प्रस्तुति

बिहार के महत्वपूर्ण अखबारों में छपे **सकारात्मक** समाचारों का संकलन

आषाढ़ कृष्ण पक्ष सप्तमी सोमवार विक्रम संवत् 2079 । 20 जून 2022

JKDESIGN 8369994118



6TH FLOOR, INDIRA BHAWAN, RCS PATH, PATNA-800001. BIHAR, INDIA.

प्रतियोगिता : देश स्तर पर शहरों को 6 कैटेगरी में दिया जाएगा अवॉर्ड

# स्मार्ट सिटी अवॉर्ड के अंतिम राउंड में पटना सहित बिहार के चारों शहर

पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना

देश के विभिन्न राज्यों में स्मार्ट सिटी के तहत बेहतर काम करने वाले शहर को इंडियन स्मार्ट सिटी अवॉर्ड दिया जाएगा। केंद्र सरकार की तरफ से दिए जाने वाले अवॉर्ड में बिहार के चारों स्मार्ट सिटी शहर पटना, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, बिहार शरीफ अंतिम राउंड में पहुंच चुके हैं। जहां पर सीवरेज, सड़क, आवास, पेयजल, साफ-सफाई, यातायात, पर्यावरण, मनोरंजन सहित अन्य चीजों की जांच के बाद नंबरिंग की जाएगी। जिसके आधार पर रैंकिंग होगा और सफल शहर को अवॉर्ड दिया जाएगा। फिलहाल, स्मार्ट सिटी अवॉर्ड के लिए देश के 100 शहरों ने आवेदन किया था। जिसमें प्रथम राउंड में 55 शहरों का चयन हुआ था। जिसमें बिहार के चारों स्मार्ट सिटी शहर शामिल हैं। अंतिम राउंड में पहुंचे पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और बिहारशरीफ के स्मार्ट सिटी के संबंधित अधिकारी तैयारी कर रहे हैं।

## पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बिहारशरीफ में चल रहा काम

उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद का कहना है कि केंद्र सरकार की तरफ से दिए जाने वाले पुरस्कार से स्मार्ट सिटी के लिए काम करने वाले कर्मचारी प्रोत्साहित होंगे। इंडियन स्मार्ट सिटी अवॉर्ड छह कैटेगरी में दिया जाएगा। जिसमें पांच कैटेगरी में प्रोजेक्ट के पूरा होने की अवधि और निर्धारित समय, विभिन्न विभागों से होने वाले समन्वय, स्मार्ट



सिटी के माध्यम से शहर में होने वाले परिवर्तन, नए काम के साथ ही होने वाले बदलाव को देखते हुए नंबरिंग की जाएगी। राष्ट्रीय स्तर पर एक बेस्ट स्मार्ट सिटी को भी अवॉर्ड दिया जाएगा। जिसमें शहरी स्तर पर होने वाले काम, बदलाव, शहर के विकास सहित अन्य कैटेगरी में नंबरिंग के आधार पर रैंकिंग की जाएगी। जिसमें चयनित शहर को राष्ट्रीय स्तर पर सिटी अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। अंतिम राउंड में चयनित पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और बिहारशरीफ में काम करने वाले अधिकारी नए कामों को तत्काल पूरा करवाने में जुटे हैं।

## अवॉर्ड पाने वाले शहरों को केंद्र से मिलेगी विशेष सुविधा

अवॉर्ड पाने वाले शहर को केंद्र सरकार से विशेष पैकेज दिए जाने की संभावना है। जिसके तहत फंडिंग के साथ ही तकनीकी जानकारी भी उपलब्ध करायी जाएंगे। जिससे स्मार्ट सिटी के तहत चयनित शहरों में जल्द से जल्द काम पूरा हो सके। अवॉर्ड पाने वाले शहरों को केंद्र सरकार की तरफ से कर्मचारी बढ़ाने में सहयोग किया जाएगा। इसके साथ अन्य सुविधाएं मिलने की संभावना है।

सौजन्य से दैनिक भास्कर | पटना | 20.06.2022 | पृष्ठ सं० 01

## जल संसाधन विभाग ने 'वामिस' सॉफ्टवेयर व एप तैयार किया

# अब नयी तकनीक से की जायेगी सिंचाई परियोजनाओं की निगरानी

**कवायद**

**संवाददाता** ▷ पटना

**राज्य** की सिंचाई परियोजनाओं का प्रभावी प्रबंधन और निगरानी अब नयी तकनीक के माध्यम से की जायेगी. इसके लिए जल संसाधन विभाग ने एक जुलाई से 'वामिस' (वर्क्स एकाउंट्स मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम) नामक एक नयी सूचना प्रणाली को अपनाने का फैसला किया है. विभाग ने 'वामिस' सॉफ्टवेयर के साथ-साथ 'वामिस' एप भी तैयार किया है. इसमें जल संसाधन विभाग के राज्यभर के अधिकारी अपने क्षेत्र की योजनाओं से संबंधित रियल टाइम अपडेट्स अपलोड करेंगे. अधिकारी विभिन्न योजनाओं के स्थल निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल से ही प्रोजेक्ट के संबंध में जरूरी सूचनाओं को अपलोड करेंगे. इसमें कार्य की अद्यतन प्रगति, मशीन और श्रमबल की उपलब्धता, जियो टैग्ड फोटो आदि शामिल होंगे.

विभाग ने 'वामिस' के सफल कार्यान्वयन के उद्देश्य से सभी क्षेत्रीय अभियंताओं और कर्मियों को प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है.

**20-22** जून तक तीन दिनों का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जायेगा.

**20** जून को सुबह के सत्र में बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जोन शामिल होंगे.

### नयी सूचना प्रणाली को अपनाने का निर्णय



इसके लिए 20 से 22 जून तक तीन दिनों का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जायेगा. इसमें विभिन्न सत्रों में विभाग के सभी प्रक्षेत्र के अभियंता एवं कर्मी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे. 20 जून को सुबह के सत्र में बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जोन शामिल होंगे. दोपहर बाद के सत्र में कटिहार और गोपालगंज जोन शामिल होंगे. वहीं, 21 जून को सुबह के सत्र में यांत्रिक, पटना, समग्र अन्वेषण एवं योजना आयोजन, पटना तथा केंद्रीय रूपांकन, शोध एवं गुण नियंत्रण, पटना शामिल होंगे. दोपहर बाद के सत्र में सिंचाई सृजन डिहरी, औरंगाबाद व गया शामिल होंगे. 22 जून की सुबह के सत्र में सिंचाई सृजन बिहारशरीफ, भागलपुर, सहरसा और दोपहर बाद के सत्र में दरभंगा, सीवान एवं मोतिहारी के क्षेत्रीय कर्मियों एवं अभियंताओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा.

**1.** **'वामिस' में स्थल निरीक्षण से संबंधित सूचनाओं के संग्रहण के लिए मोबाइल एप्लिकेशन को भी शामिल किया गया है.**

**2.** **विभाग ने 'वामिस' के सफल कार्यान्वयन के उद्देश्य से सभी क्षेत्रीय अभियंताओं और कर्मियों को प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है.**

**क्या है वामिस**

'वामिस' एक नया सॉफ्टवेयर है. इसमें प्रशासनिक अनुमोदन, तकनीकी बारीकियां, इ-माप बुक (इएमबी), बिलिंग, सर्वेक्षण, स्थल निरीक्षण आदि से संबंधित सूचनाओं के संग्रहण के लिए मोबाइल एप्लिकेशन को भी शामिल किया गया है. यह नयी सूचना प्रणाली व्यापक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (सीएफएमएस) का पूरक होगी. साथ ही परियोजनाओं के प्रभावी प्रबंधन और निगरानी में भी सहायक होगी.

### डिजिलॉकर में राशन कार्ड रख सकेंगे पीडीएस के उपभोक्ता

**पटना.** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत बिहार के सभी सरकारी राशन कार्डधारक अपने राशन कार्ड को अब डिजिटल फॉर्म में अपने मोबाइल में रख सकेंगे. दरअसल बिहार खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने राशन कार्डधारकों को डिजिलॉकर की सुविधा दे दी है. उपभोक्ता चाहें, तो इसमें राशन कार्ड को डाउनलोड कर सुरक्षित रख सकते हैं. यह सुविधा हाल ही में बिहार में शुरू की गयी है. आधिकारिक जानकारी के मुताबिक मोबाइल एप के जरिये दूसरे तमाम दस्तावेजों की तरह राशन कार्ड को सहेजा सकता है. डिजिलॉकर सुविधा न केवल लोगों को आसानी से राशन उपलब्ध हो सकेगा, बल्कि डीलरों की तरफ से राशन उपभोक्ताओं के साथ की जाने वाली धोखाधड़ी पर लगाम लगेगी. साथ ही राशन कार्डधारकों को राशन कार्ड के खोने या खराब होने का डर नहीं रहेगा. राशन कार्ड का यथा योग्य स्थान पर उपयोग किया जा सकेगा. विशेषज्ञों के मुताबिक डिजिलॉकर से राशन कार्ड डाउनलोड करने के लिए सबसे पहले डिजिलॉकर एप पर एक अकाउंट बनना होगा. इसके लिए उपभोक्ता मोबाइल एप पर राज्य सरकार की ऑफिशियल वेबसाइट का उपयोग कर सकते हैं. कुछ औपचारिक प्रक्रिया अपना कर एकाउंट बना कर उसे आधार कार्ड से जोड़ दिया जाता है.

सौजन्य से प्रभात खबर | पटना | 20.06.2022 | पृष्ठ सं० 08



**7 अगस्त से 7 अक्टूबर तक एग्जीबिशन** • विभिन्न जिलों के संग्रहालय से कलाकृतियां और पेंटिंग मंगवाई जाएंगी

# बिहार म्यूजियम में पहली बार 300 कलाकृतियां पेंटिंग और प्रतिमाओं की सजेगी आकर्षक झांकी

सिटी रिपोर्टर . पटना

बिहार म्यूजियम में स्थापना दिवस को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। पहली बार संग्रहालय में बिहार की धरोहर को दर्शक एक साथ देख पाएंगे। इसके लिए मंत्रालय को एक प्रस्ताव भेजा गया है, जिसके अनुसार बिहार के विभिन्न जिलों में स्थित संग्रहालय से कलाकृतियां, पेंटिंग और अन्य महत्वपूर्ण चीजें मंगवाई जाएंगी। 7 अगस्त से 7 अक्टूबर तक लगने वाले एग्जीबिशन में दर्शक पहली बार बिहार की धरोहर को इतने नजदीक से देख पाएंगे। इसके लिए राज्य के विभिन्न जिलों के संग्रहालय का चुनाव किया गया है। गया, नवादा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, बक्सर से कलाकृतियां मंगवाई जा रही है। 300 से अधिक कलाकृतियां, पेंटिंग और प्रतिमाएं देखने को मिलेगी। बिहार म्यूजियम के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह बताते हैं कि दर्शक पहली बार बिहार की धरोहर को इतने पास से देख पाएंगे। इसके लिए टीम ने काम करना शुरू कर दिया है। दो महीने तक लगने वाले एग्जीबिशन में देशभर से लोग आएंगे।

## 7 अगस्त को म्यूजियम का स्थापना दिवस

सात अगस्त को बिहार म्यूजियम का स्थापना दिवस है, जिसमें देशभर से दर्शक बिहार म्यूजियम को देखने आएंगे। बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह के अनुसार यहां के लोग बिहार के अलग- अलग जिलों में मौजूद इतिहास को नहीं देख पाते हैं। इसलिए स्थापना दिवस के अवसर पर इस खास एग्जीबिशन का आयोजन किया जाएगा, इस एग्जीबिशन में विभिन्न जिलों में मौजूद इतिहास को पटना में लगाया जाएगा। दो महीने तक चलने वाले एग्जीबिशन में दर्शक नजदीक से इतिहास को देख पाएंगे। बिहार म्यूजियम और पटना म्यूजियम के अलावा बिहार में कई संग्रहालय हैं। जहां विभिन्न तरह की कलाकृतियां हैं। इसके अलावा कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रमों और इतिहास पर चर्चाओं का आयोजन होगा।

## अलग-अलग जिलों के इतिहास को एक साथ देख पाएंगे दर्शक




## आयोजन 4 अलग-अलग कल्चरल जोन में होगा

बिहार के विभिन्न जिलों से 300 से ज्यादा कलाकृतियां मंगवाई गई है, इनमें से 200 -250 कलाकृतियां, पेंटिंग और मूर्तियों का आना तय है। इनकी संख्या बढ़ सकती है। यह आयोजन 4 अलग- अलग कल्चरल जोन में होगा, जिसके अनुसार लोगों को पूर्व में किस तरह की सभ्यता थी, किस तरह की कलाकृतियां वहां मौजूद है. यह सबकुछ देखने को मिलेगा। फिलहाल यह तय नहीं है कि इन्हें क्षेत्रीय भाषा के आधार पर दिखाया जाएगा या दिशा के अनुसार। लेकिन दर्शकों को बिहार का इतिहास को और बेहतर तरीके से जानने का मौका मिलेगा।

## दरंभगा से हाथीदांत की कलाकृतियां आएंगी

गया, नवादा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, बक्सर में स्थित संग्रहालय से कलाकृतियों को मंगवाया जाएगा। इसके अलावा पटना म्यूजियम में मौजूद पेंटिंग को यहां पर लगाया जाएगा। पटना म्यूजियम में मौजूद कंटेंपररी और इंसानों और प्रकृति को दर्शाती 100 से अधिक पेंटिंग एग्जीबिशन में प्रदर्शित होंगी। दरंभगा म्यूजियम से हाथीदांत का काम मंगवाया जाएगा, बक्सर से टेराकोटा। इसके अलावा कुछ संग्रहालय से बुद्ध और विष्णु की प्रतिमाएं और विभिन्न काल के सिक्के एग्जीबिशन में देखने को मिलेंगे।

सौजन्य से दैनिक भास्कर | पटना | 20.06.2022 | पृष्ठ सं० 07



# योग दिवसः गांधी मैदान में एक साथ आठ सौ छात्र-छात्राएं करेंगे योग

पटना, वरीय संवाददाता । योग दिवस की तैयारी चरम पर है। पूरा शहर योगाभ्यास में जुटा है। स्कूल-कॉलेजों से लेकर सामाजिक-धार्मिक संगठनों ने भी इसकी तैयारी की है। बुधवार को पार्कों में सभी जुटेंगे। गांधी मैदान सहित सभी छोटे-बड़े पार्क में आयोजन होंगे। योग दिवस मनाने की तैयारी पूरे शहर में चल रही है। छोटी- बड़ी सभी संस्थाओं में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। स्कूलों में भी योग दिवस मनाया जाएगा।

**स्कूलों में भी चल रही तैयारी:** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी हर स्कूल में चल रही है।

पहली बार केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा कई स्कूलों के छात्र-छात्राओं के बीच सामूहिक योग करवाया जाएगा। इसमें पटना के अलावा गया और नालंदा जिला शामिल हैं। पटना में गांधी मैदान में छात्र-छात्राएं इकट्ठा होकर योग करेंगे। केवीएस की सोमा घोष ने बताया कि गांधी मैदान में तीन स्कूल केवी बेली रोड, केवी कंकड़बाग और केवी दानापुर के विद्यार्थी शामिल होंगे। सुबह सात बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। 45 मिनट के इस योग दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पटना के कमिश्नर होंगे। केवी बेली रोड के प्राचार्य पीके सिंह ने बताया कि सभी स्कूल अपने शिक्षकों के साथ सभी बच्चों को गांधी मैदान पहुंचेंगे। इस बार योग दिवस की थीम 'मानवता के लिए योग' रखी गयी है। वहीं सरकारी स्कूल में प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक स्कूलों में योग दिवस मनाया जायेगा। डीईओ पटना अमित कुमार ने बताया कि सभी स्कूलों को चेतना सत्र में ही योग दिवस का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए सभी स्कूलों को मंगलवार को जानकारी दी जायेगी। निजी स्कूलों में भी योग दिवस की तैयारी चल रही है। सेंट जेवियर्स हाई स्कूल के प्राचार्य फादर किस्टू ने बताया कि 12वीं के छात्रों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसमें अन्य कक्षा के बच्चे शामिल होंगे। वाल्डविन एकेडमी के प्राचार्य राजीव रंजन ने बताया कि योग दिवस पर एक घंटे का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बोरिंग रोड स्थित योग विद्या संवंधक मंडल के बैनर तले योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्था की अध्यक्षा रजनी शर्मा ने कहा कि योग दिवस के अवसर पर सुबह सात बजे से साढ़े 9 बजे तक योग शिविर आयोजित होगा। इसमें योग से लगाव रखने वाले महिलाएं एवं पुरुष शामिल होकर अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित कर सकते हैं।

## आयुर्वेद और योग से बीमारियों से होता है बचाव

पटना। कोरोना काल में आयुर्वेद का महत्व पुनः स्थापित किया है। आयुर्वेद और योग मिलकर शरीर को रोगों से मुक्त करता है। ये बातें स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने रविवार को विश्व आयुर्वेद परिषद द्वारा आयोजित पाटलिपुत्र राष्ट्रीय संभाषा के दूसरे दिन कहीं। इस अवसर पर उन्होंने निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया। संगठन के राष्ट्रीय सचिव वैद्य शिवादित्य ठाकुर ने बताया कि दूसरे दिन बनारस से आए वैद्य नम्रता जोशी ने रस औषधियों के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखने के उपाय बताए। कोलकाता के वैद्य बर्मन ने स्वस्थ व्यक्ति को स्वस्थ रहने के आयुर्वेदिक उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम में संगठन के संरक्षक वैद्य प्रजापति त्रिपाठी, वैद्य शिवमंगल मिश्र, वैद्य रोहित रंजन, वैद्य आलोक नाथ त्रिपाठी, वैद्य सुशील कुमार झा मौजूद रहे।

## गायत्री परिवार के साथ दस हजार करेंगे योग

21 जून को गायत्री शक्तिपीठ सहित शहर के अलग-अलग हिस्सों में लगभग दस हजार लोग योग का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रांतीय प्रकोष्ठ के बैनर तले इस महाअभियान का आयोजन किया जा रहा है। परिवार के युवा प्रकोष्ठ से जुड़े निशांत रंजन ने कहा कि इस मौके पर शहर के अलग-अलग हिस्सों के स्लम बस्तियों में चल रहे संस्कारशालाओं के अतिरिक्त गायत्री शक्तिपीठ के प्रथम और दूसरे तल पर योग प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित होगा। देव संस्कृति विश्वविद्यालय से योग की शिक्षा प्राप्त युवा अपना योगदान देंगे। यहां होगा प्रशिक्षण : गायत्री शक्तिपीठ, कंकड़बाग, मध्य विद्यालय कुम्हरार मीठापुर सामुदायिक भवन पटना, राजकीय मध्य विद्यालय सैदपुर, बालक मध्य विद्यालय मुसल्लहपुर हाट, साईं मंदिर त्रिपोलिया कन्या विद्यालय चौधरीटोला।

## हाईकोर्ट में भी मनेगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

मानवता के लिए योग' विषय पर मनाये जाने वाले इस कार्यक्रम को पटना हाईकोर्ट परिसर में 21 जून को पूर्वाह्न 6 बजे से 7: 45 बजे तक मनाया जाएगा। इसमें हाईकोर्ट के सभी जजों के अलावा भारी संख्या में वकील एवं कर्मी भाग लेंगे। पटना हाईकोर्ट के कार्यकारी रजिस्ट्रार जनरल ने बताया कि हाईकोर्ट के तीनों वकील संघों को योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। हाईकोर्ट में इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग तथा स्टेट आयुष सोसाइटी आवश्यक सहयोग प्रदान कर रही है।





सौजन्य से हिन्दुस्तान | पटना | 20.06.2022 | पृष्ठ सं० 07

**इनोवेशन** गेम्स के जरिए समाधान खोजने पर फोकस

# आईआईटी: 12 बोर्ड गेम बनाए जो मेंटल ग्रोथ, उद्यमिता में देंगे मदद

धैर्या राठौड़ . अहमदाबाद

आईआईटी गांधीनगर के छात्रों ने 12 गेम्स बनाए हैं जो गेमर्स को समस्याओं के हल खोजने, उनके मानसिक विकास और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करते हैं। गेमिंग पर आधारित शॉर्ट टर्म कोर्स को 5 हिस्सों 'मोडिंग, सैंडबॉक्सिंग, बेटिंग, वारगेम्स व हाइपरटेक्स्ट में बांटा गया था। यह कोर्स गेम्स इनोवेट करने वाले विभिन्न कॉन्टेक्ट्स के लिए काम करने में मदद करता है। इनमें ऐसे बोर्ड गेम्स भी हैं, जिन्हें यूजर आसानी से समझ सकते हैं। बातचीत शुरू करने के लिए भी इन गेम्स की मदद ली जा सकती है।



## गेमिंग इंडस्ट्री में 40 हजार नौकरियां...

देश में 2020 में गेमिंग इंडस्ट्री 900 करोड़ रुपए की थी। 2022 तक इसके 14,300 करोड़ रुपए तक होने का अनुमान रखा गया है। इसलिए ऐसे कोर्स पेशेवर एक्सपर्ट्स का दावा है कि गेमिंग इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है।

# बिहार कोविड अपडेट

| | |
|---|---|
| ⇒ कुल सक्रिय मामलों की संख्या | 308 |
| ⇒ पिछले 24 घंटे के दौरान नए पॉज़िटिव मामलों की संख्या | 55 |
| ⇒ पिछले 24 घंटे के दौरान स्वस्थ हुए मरीजों की संख्या | 30 |
| ⇒ कुल वैक्सीनेशन | 13,45,28,370 |
| ⇒ कम से कम एक डोस | 7,10,16,263 |
| ⇒ पूर्ण वैक्सीनेटेड | 6,09,66,664 |





BIHAR FOUNDATION
BONDING • BRANDING • BUSINESS

# बिहार फाउन्डेशन नेटवर्क

## विदेश अवस्थित चैप्टर

कतर
दक्षिण कोरिया
जापान
हॉग कॉग
यू.ए.ई.
सिंगापुर
बहरीन
न्यूजीलैंड
कनाडा
यू.एस.ए.
ऑस्ट्रेलिया
सऊदी अरब

## देश अवस्थित चैप्टर

मुम्बई
हैदराबाद
पुणे
चेन्नई
नागपुर
गुजरात
कोलकाता
वाराणसी
गोवा

## पाठकों से अपील

### बिहार फाउन्डेशन के जुड़ने के लिए

बिहार फाउंडेशन उद्योग विभाग के अन्तर्गत राज्य सरकार की एक निबंधित सोसाईटी है जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य के बाहर बसे देश-विदेश अवस्थित बिहारी समुदायों को उनके स्वयं के बीच तथा गृह राज्य के साथ जोड़ने का है। वर्तमान मे बिहार फाउंडेशन के कुल 21 चैप्टर्स हैं. बिहार फाउंडेशन से जुड़ने के लिए नीचे दिए वेबसाइट पर जाकर Non Resident Bihari Registration पर क्लिक करें और उपलब्ध फार्म को भरकर जमा करें -

https://biharfoundation.bihar.gov.in.